भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1985

30 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

कटनी में अमृत 2.0 की स्थिति

†1985. श्री विष्णु दत्त शर्माः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कटनी में अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) 2.0 के अंतर्गत शहरी जल सुरक्षा तथा नागरिक सेवाओं में हुए सुधारों के परिणामों का आकलन किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) शहर में घरेलू नल जल आपूर्ति के विस्तार, सीवरेज, सेप्टेज प्रबंधन, जल निकायों के पुनर्जीवन तथा वर्षा जल संचयन से संबंधित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या अमृत 2.0 के अंतर्गत परियोजनाओं में विलंब, अनियमित जलापूर्ति, सीवरेज कवरेज, अपशिष्ट जल उपचार, सड़कों का पुनर्निर्माण/मरम्मत या संचालन एवं अनुरक्षण से संबंधित कोई कमियां चिन्हित की गई हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन पर क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं;

(घ) क्या अमृत 2.0 के अंतर्गत परियोजनाओं के प्रदर्शन की निगरानी के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग, जल गुणवत्ता निगरानी तथा नागरिक फीडबैक तंत्र का उपयोग किया जा रहा है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कटनी में घरेलू नल जल आपूर्ति का विस्तार करने, विश्वसनीय एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने, सीवरेज अवसंरचना को सुदृढ़ करने तथा सतत एवं जलवायु-अनुकूल शहरी जल सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय प्रस्तावित किए गए हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (ङ) अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) वर्ष 2021 में मध्य प्रदेश राज्य सहित सभी शहरी स्थानीय निकायों/शहरों में शुरू किया गया है, ताकि शहरों को 'आत्मनिर्भर' और 'जल सुरक्षित' बनाया जा सके। 500 अमृत शहरों में सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन की सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करना अमृत 2.0 के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। जलाशयों का पुनरुद्धार और हरित स्थानों और पार्कों का विकास मिशन के अन्य घटक हैं। इस मिशन के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को परियोजनाओं का चयन, मूल्यांकन, प्राथमिकता निर्धारण और कार्यान्वयन करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं।

अमृत 2.0 के तहत, कटनी में, मध्य प्रदेश राज्य ने 95.98 करोड़ रुपये की 04 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें 55 करोड़ रुपये की 01 जल आपूर्ति परियोजना, 38.50 करोड़ रुपये की 01 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजना और 2.48 करोड़ रुपये की 02 जलाशय पुनरुद्धार परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं की स्थिति वेबसाइट https://amrut.mohua.gov.in/approvedProjects/list/NjFYOGJ5OG5hb2NJZ1pmSWMxUUFldz09/My9JQ3Nkb3JMSlIGc2dWSUh6U3Rpdz09 पर उपलब्ध है।

मध्य प्रदेश राज्य ने सूचित किया है कि कटनी में जल आपूर्ति परियोजना में 122.7 किमी जल वितरण नेटवर्क और 29.07 किमी क्लियर वाटर राइजिंग मेन बिछाना, 7 ओवरहेड जल टंकियाँ, 3000 घरेलू जल नल कनेक्शन और 2158 स्मार्ट वाटर मीटरों की स्थापना शामिल है। कटनी में सीवरेज परियोजना में 43 किमी सीवर नेटवर्क बिछाना, 6 एमएलडी सीवरेज उपचार संयंत्र, 9 एमएलडी इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन और 6827 घरेलू कनेक्शन शामिल हैं।

डिजिटल निगरानी को सुदृढ़ करने के लिए, अमृत 2.0 जल आपूर्ति योजनाओं में स्मार्ट घटकों को शामिल करने को प्रोत्साहित करता है, जिसमें ऑनलाइन जल गुणवत्ता सेंसर, सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन (SCADA) सिस्टम, GIS-आधारित परिसंपत्ति मैपिंग, बल्क और उपभोक्ता मीटरिंग तथा AI/IoT-आधारित निगरानी समाधान शामिल हैं। कटनी की जल आपूर्ति परियोजना में SCADA सिस्टम और पानी के मीटर लगाने का प्रावधान है। राज्य ने यह भी

सूचित किया है कि नागरिकों की प्रतिक्रिया नगर निगम पोर्टल और जन सुनवाई शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से एकत्र की जाती है।

अमृत 2.0 के तहत परियोजनाओं को राज्यों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। इस मिशन में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर योजना के कार्यान्वयन की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एसएचपीएससी) का प्रावधान है। इसके अलावा, मिशन के अंतर्गत गठित एक शीर्ष समिति आवधिक रूप से मिशन की समीक्षा और निगरानी करती है। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में अमृत 2.0 के तहत किए गए कार्यों के मूल्यांकन और निगरानी के लिए, स्वतंत्र समीक्षा और निगरानी एजेंसियों (आईआरएमए) का प्रावधान है। इसके अलावा, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के साथ नियमित वीडियो कॉन्फ्रेंस/वेबिनार/कार्यशालाओं/साइट-विजिट आदि के माध्यम से आवधिक तौर पर प्रगति की समीक्षा और निगरानी की जाती है। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत प्रगति और परियोजना-वार परिणामों पर नज़र रखने के लिए एक समर्पित अमृत 2.0 ऑनलाइन पोर्टल है।

*****